बम अनेक प्रकार के होते हैं, जो भिन्न-भिन्न क्षेत्रा, परिस्थितियो और शक्ति के अनुसार अनेक वर्गो मे वाटे जा सकते हैं। बमो का निर्माण सैकडो वर्षो से होता आ रहा है। अत किस प्रकार के बम का आविष्कार कब हुआ यह कहना कठिन है। बम का अर्थ हे विस्फाटक पदार्थों ओर विस्फोटक प्रेरका क मिश्रण से बनी वस्तु। शायद बम-निर्माण की शुरुआत तो उसी समय से हो गयी थी, जब मनुष्य ने सबसे पहले विस्फोटक पदार्थ अथवा बारूद की खोज की।

सभवत बारूद की खोज आज से हजारो वर्ष पूर्व चीन मे हुई थी। प्राचीन काल मे चीनी लोग बारूद स तरह-तरह की आतिशबाजी बनाते थे। तरहवी शताब्दी के मध्य काल तक यूरोप के देश बारूद स

हैंड ग्रेनड का आतंरिक भाग

डाइनामाइट क आविष्कारक अल्फ्रड नाबल

परिचित नही थे। एक अग्रज रोजर बेकन ने सन् 1245 म सबसे पहले अपनी पुस्तक 'दि सीक्रेट वर्क्स ऑफ आर्ट एड नेचर' मे बारूद का उल्लेख किया था। अत प्रमाणो के अनुसार रोजर बेकन को ही बारूद का आविष्कारक माना जाता है।

सामान्य बारूद 75 प्रतिशत पोटेशियम नाइट्रेट 15 प्रतिशत चारकोल और 10 प्रतिशत सल्फर के मिश्रण से तेयार होता है ओर अपनी मात्रा से लगभग 3000 गुना धुआ ओर गेस छोडता है।

बदूक, पिस्तोल, तोप, राइफल, माइस, मिसाइल, राकेट, बम आदि सभी युद्ध-उपकरण बारूद के आविष्कार के वाद ही बन पाए। यदि बारूद का आविष्कार न हुआ होता तो उपर्युक्त युद्ध-शस्त्रा का भी निर्माण न हुआ होता।

एटम बम के निर्माता वैज्ञानिकों में प्रमुख एनरिको फर्मी

बारूद के बाद गन-काटन (बारूदी रुई) का आविष्कार एक जर्मन कैमिस्ट क्रिश्चियन शॉनबीन ने 1845 मे किया। 1846 म तूरीन इस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजी म कैमिस्टी के प्रोफेसर एस्केनियो सोब्रेरो ने एक बहुत शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ नाइटो-ग्लिसरीन की खोज की। नाइट्रो-ग्लिसरीन जलने पर अपनी मात्रा से 12000 गुना गैस छोडता ह। नाइट्रो-ग्लिसरीन साद्र सल्फ्यूरिक एसिड ओर साद्र (Concentrated) नाइट्रिक एसिड पर धीरे-धीरे ग्लिसरीन की बूद टपकाने मे बनता है। यह विस्फोटक इतना ज्यादा खतरनाक था कि लान-ले जान या उपयोग करने म थोडी-सी असावधानी या घटक म ही फट जाता था।

सन् 1886 म स्वीडन क एक कैमिस्ट अल्फ्रेड नोबेल ने सिद्ध करके दिखाया कि यदि नाइटो-ग्लिसरीन को किसलगुर (Kieselguhr) नामक एक प्रकार की चिकनी मिट्टी म मिलाकर रखा जाए तो इस विस्फोटक पदार्थ का सुरक्षित रूप म इस्तेमाल किया जा सकता है। नोबेल ने उसके बाद डाइनामाइट का आविष्कार किया। इसका उपयोग शांतिपूर्ण कार्यो जैसे-पहाड, चट्टान, कोयला तोडने आदि मे किया जाता था, परन्तु इसे जान-माल की हानि के लिए भी प्रयुक्त किया गया। आजकल डाइनामाइट मे अमोनियम नाइट्रेट और काष्ठ-लुगदी के साथ सोडियम नाइट्रेट भी मिलाया जाता है। इन्ही नोबेल के नाम से नोबेल पुरस्कार है।

इसके बाद अन्य कई प्रकार के विस्फोटको का अन्वेषण हुआ। अधिकाश विस्फोटक अस्त्र-शस्त्र गुप्त रूप से बनाए जाते थे। अत कई शस्त्र उपकरणो के आविष्कारको का ठीक-ठीक पता नही चल सका।

प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध मे बहुत से अस्त्र-शस्त्र गुप्त रूप से बनाए गए, जिनका पता बाद मे ही चल पाया। अश्रु गैस बम, हैड ग्रेनेड तथा साधारण बम, नेपाम बम आदि अनेक खतरनाक बमो का निर्माण इन्ही युद्धो के दौरान हुआ।

इसके बाद यूरेनियम, प्लूटोनियम आदि तत्त्वो की खोज हुई। परमाणु-विखण्डन की प्रक्रिया की खोज ने सन् 1945 मे परमाणु बम के निर्माण को जन्म दिया। इसके पश्चात नाभिकीय संगलन की खोज के आधार पर हाइड्रोजन बम का निर्माण शुरू हुआ। अब तो वैज्ञानिकों ने न्यूट्रान बम का भी आविष्कार कर लिया है। ये तीनो बम महाविनाशकारी सिद्ध हुए है।

विध्वंसक बम

विखण्डन बम

रासायनिक बम

1939 में द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान कुछ जर्मन और फ्रांसीसी भौतिकशास्त्री इंग्लैंड पहुंच गए और उन्होंने नाभिकीय विखंडन का उपयोग किसी बम में किए जाने के विषय में परीक्षण करने शुरू किए। गणना द्वारा उन्होंने पता लगाया कि अगर आधा किलो यूरेनियम-235 में मौजूद सभी परमाणुओं को किसी युक्ति द्वारा विखंडित किया जा सके तो लगभग 2 करोड़ पौंड टी एन टी (Trinitrotoluene) की तुल्य क्षमता वाला भीषण धमाका हो सकता है। बस, इंग्लैंड सरकार ने जार्ज टामसन के नेतृत्व में परमाणु बम बनाने के लिए एक दल गठित कर दिया। परंतु यूरेनियम-235 और यूरेनियम-238 एक ही तत्त्व के दो आइसोटोपों (समस्थानिक) को अलग करने की जटिल प्रक्रिया ने समस्या पैदा कर दी।

परंतु अमरीका के वैज्ञानिक एनरिको फेर्मी ने इस समस्या को सुलझा लिया और 16 जुलाई 1945 को अमरीका ने अपने पहले परमाणु बम का विस्फोट करके परीक्षण किया। उसके बाद 6 अगस्त 1945 को अमरीकी बम वर्षक विमानों ने जापान के हिरोशिमा नगर पर यूरेनियम-235 से बना और तीन दिन बाद दूसरे नगर नागासाकी पर प्लूटोनियम से बना परमाणु बम गिराया। इन बमों से सदियों से बसे ये दोनों नगर और उनके निवासी क्षणभर में नष्ट हो गए। इन बमों के विस्फोट के बाद ही संसार को पहली बार यह पता चला कि गुप्त रूप से इस क्षेत्र में कितनी जबर्दस्त तैयारी हो रही थी।

उसके बाद अमरीका के वैज्ञानिकों ने हाइड्रोजन बम का निर्माण किया और सन् 1952 में उसका परीक्षण किया।

आजकल युद्ध में कई प्रकार के बमों का इस्तेमाल किया जाता है। उदाहरण के लिए 1 विध्वंसक बम, 2 विखण्डक बम, 3 अग्नि बम, 4 रासायनिक बम, 5 जीवाणु बम, 6 विकिरण बम, 7 नाभिकीय चार्जयुक्त बम, 8 न्यूट्रॉन बम आदि।

विध्वंसक बमों का इस्तेमाल इमारतों, पुलों, कारखानों आदि को नष्ट करने के लिए किया जाता है। इन बमों का वजन 50 किलो से 10 हजार किलोग्राम तक हो सकता है। इसका ऊपरी खोल पतला होता है। इसमें साधारण किस्म का विस्फोटक भरा होता है, जिसका वजन कुल भार का लगभग आधा होता है।

विखण्डक बम (फ्रेग्मेंटेशन बम) का खोल विध्वंसक बम से कुछ अधिक मोटा होता है। यह बम जब वायुयान से गिराया जाता है, तो यह जमीन से कुछ पहले

ही धमाके के साथ फट जाता है और इसके छितरे हुए टुकडो से लोग घायल हो जाते हैं या मर जाते हैं। इसका कुल वजन 2 किलो से 50 किलोग्राम तक होता है। अक्सर इन्हे बडे क्षेत्रो मे गिराया जाता है।

अग्नि बमा (इसेन्डियरी बम) को घनी आबादी वाले स्थानो कारखाना बडी इमारता आदि पर गिराया जाता है। इससे आग तुरत ही चारा आर फल जाती है। इन बमा का खोल भी पतला हाता है। आग भडकाने क लिए इसम थमाइट इलक्ट्रॉन फास्फारस आर नेपाम जेसे अग्निज्वालक रासायनिक पदार्थ इस्तेमाल म लाए जात है। आग लगाने वाला पदार्थ एक खास तरह के प्रज्वालक पलीते के साथ भरा होता ह।

रासायनिक बम एक प्रकार का बडा बलून जैसा होता है। इसकी दीवार पतली होती हैं। इसके खोल मे विषले पदार्थ भर हाते हैं। इसक अलावा इसमे पलीते के साथ थाडा विस्फाटक पदार्थ भी रखा हाता है। यह जमीन पर और जमीन से ऊपर भी फटता ह। इसके फटने के साथ विषली गस और पदार्थ जमीन आर आस-पास की वायु मे मिलकर वातावरण को जहरीला बना देते हैं जिसम लाग मर जात है।

जीवाणु बम क अदर अनक कक्ष हाते हैं। हर कक्ष म भिन्न-भिन्न प्रकार क रोग फलाने वाल विषाणु और जीवाणु भरे होत हैं। इस प्रकार के बमा का वजन 75 किलो के लगभग हाता है। इसम एक फ्यूज का प्रबध होता ह। बम गिराने पर जमीन से कुछ ऊपर ही फ्यूज जल उठता है आर बम का विस्फोट हो जाता है। विस्फाट के साथ ही आसपास के वातावरण म विषाणु फैल कर उस क्षत्र के लोगो को रागग्रस्त कर देत हैं।

हिरोशिमा पर गिराया गया परमाणु बम

जीवाणु बम

विकिरण बम लगभग रासायनिक बम की तरह ही होता ह। इसका खोल पतला होता ह। इस बम मे रेडियोधर्मी पदार्थ तरल या ठोस रूप म भरे होत हैं। इसमे विस्फोटक पदार्थ थोडी मात्रा में भरा होता है, जो बम क गिराने पर धमाक के साथ रेडियोधर्मी सदूषका को वायु म मिला दता है। इस प्रकार उस क्षेत्र के लोग रेडियोधर्मी विकिरणजन्य रोगो स पीडित हा जाते हैं।

नाभिकीय बम सबस अधिक सहारक होते हैं। परमाणु ओर हाइड्रोजन बम इसी श्रेणी म आते हैं। इन बमा म नाभिकीय चार्ज भरा हाता है। परमाणु बम के प्रमुख भाग निम्न ह —

1 नाभिकीय (Nuclear) चार्ज, 2 नाभिकीय इधन जो एक पूर्व निश्चित क्षण पर विखंडित होता है 3 एक ऐसी युक्ति जो वस्तुआ का विस्फाटी न्यूक्लीय रूपातरण करती है, 4 विशेष धातु अथवा नाभिकीय इधन का बना हुआ एक मोटा खाल। आधुनिक परमाणु बमो म यूरेनियम आइसोटोप्स (Isotope) यूरेनियम-233 ओर प्लूटोनियम-239 नाभिकीय चार्ज की भांति प्रयाग किया जाता है। यूरेनियम-235 का उपयोग भी

न्यूट्रॉन बम

होता ह परतु यह बहुत महगा पडता हे। अगर एक किलाग्राम यूरेनियम के सभी नाभिका का विस्फाटी रूपातरण हाता हे तो इससे लगभग 20 000 टन टी एन टी के विस्फाटन क बराबर ऊजा (Energy) उत्पन्न होती है। टी एन टी का पूरा नाम हे-टाइनाइट्रोटाल्यून (trinitrotoluene)। यह विस्फाटन का एक पेमाना ह। 7 000 मीटर प्रति सेकण्ड के विस्फोटन-प्रेरक का एक टी एन टी क बराबर आका जाता हे। टी एन टी की एक बम म आ जाने वाली इतनी बडी मात्रा को ढोन के लिए कइ हजार डिब्बो वाली एक मालगाडी की जरूरत होगी।

न्यूट्रॉन बम की एक विशेषता यह है कि यह मनुष्य, जीव-जतुआ आदि का तो नाश करता है, परतु इमारतो, भवनो, कल-कारखानो को नष्ट नही करता, ताकि उस क्षेत्र पर यदि कब्जा हा जाए तो इनका उपयोग किया जा सके।

इस बम के तीन प्रभाव क्षेत्र होते हैं—मध्य वाले क्षेत्र मे तुरत मृत्यु हो जाती हे, दूसरे क्षेत्र मे कुछ घटो या दिनो मे मत्यु होती ह ओर तीसरे प्रभावित क्षेत्र मे आने वाले वर्षो मे तरह-तरह की बीमारिया फेलती रहती हें ओर मनुष्य जीव-जतु धीरे-धीरे मरते रहते हें या शीघ्र ही अपग, बूढ़े आर कमजोर हो जाते हैं। इसके विस्फोट से करोडो न्यूट्रॉनो की बोछार होती है, जो अलग-अलग क्षेत्रो मे अलग-अलग प्रभाव दिखाते हैं। इससे विस्फोट तरगे ओर ताप तरगे बहुत कम निकलती हें, इस कारण तोड-फोड बहुत ही कम होती है। एक किलो टन न्यूट्रॉन बम का असर लगभग दो किलोमीटर क्षेत्र पर होता हे। अधिक शक्तिशाली न्यूट्रॉन बम इससे भी ज्यादा क्षेत्र को प्रभावित करत हें।

क्लस्टर और फासफोरस बम

क्लस्टर बम बडी सख्या म तबाही मचाने वाला आधुनिक बम ह। इसका असर काफी बड दायरे मे हाता ह। यह अमरीका द्वारा बनाया गया।

क्लस्टर बम के खोल मे छोटे-छाटे अनेक बम तरतीब से भरे होते ह। हवाइ-जहाज से गिराने पर क्लस्टर बम का खोल वाय के दबाव मे खुल जाता हे ओर घूमन की गति म ये छाट-छाट बम एक बडे क्षेत्र मे छितरा जाते ह आर टकराकर फट पडते ह। इनसे बादल की तरह उठन वाले धुए स मीलो तक समस्त जीवित-प्राणियो की जीवनलीला समाप्त हो जाती है।

क्लस्टर बम क खाल के अदर 650 तक छोटे बम रखे जाते ह।

फासफारस बम की चपेट मे आए लोग जीवित जल जाते हे। यदि शरीर के किसी हिस्से के जख्म पर से चिपका हुआ फासफोरस हटाने की कोशिश की जाए तो यह वायु के सम्पक मे आकर फिर से आग पकड लेता हे। फासफारस बम के घातक प्रहार से घायल-व्यक्ति का जीवन बडा पीडादायक होता हे।

फासफोरस बम फटने के साथ ही आग पकड लेता हे ओर जब तक यह वायु के सम्पर्क मे रहता है जलता ही रहता है।

क्लस्टर बम का खोल खलते ही छोट छोटे बम इधर उधर छिटककर काफी बडे क्षेत्र में तबाही मचाते हैं

मशीन-गन का आविष्कार

एक सफल मशीन-गन का आविष्कार अमरीका के हिरम मैक्सिम ने सन 1882 में किया था जो लंदन में काम कर रहा था। यह सिंगल-बैरल का हथियार था और पूरी तरह स्वचालित था। इसकी लोडिंग फायरिंग और खाली कारतूस को बाहर निकालने की तथा फिर से लोड हो जाने की प्रक्रिया आदि इसके प्रतिक्षेप (रिकॉइल) द्वारा ही सम्पन्न होती थी। वैसे इसके पहले एक अन्य अमरीकी व्यक्ति रिचार्ड जार्डन गैटलिंग ने सन 1862 में एक ऐसी ही मशीन-गन बनायी थी जो एक मिनट में लगभग 125 गोलियां छोड़ती थी परन्तु यह पूर्ण स्वचालित मशीन-गन नहीं थी। हां इसे मशीन-गन का प्रारम्भिक रूप माना जा सकता है। गैटलिंग की मशीन-गन काफी भारी और बेडौल थी।

हिरेम मैक्सिम की मशीन-गन काफी सुधरी हुई और स्वचालित थी। उसने उसमें एक जल-शीतित बैरल की व्यवस्था की थी, जिसमें गोलियां भरने के लिए एक लम्बे कपड़े के बेल्ट को लगाया जाता था जिसमें गोलियां एक-सी दूरी पर एक के बाद एक लगी रहती थीं। स्वचालन पद्धति के लिए इसमें प्रतिक्षेप-बल (Force of recoil) के सिद्धांत को अपनाया गया था।

फ्रांस में जिस मशीन-गन का विकास किया गया, वह प्रोपेलेंट गैस (प्रणोदक गैस) के दबाव की व्यवस्था से चलती थी। आजकल की मशीन-गनों में यही प्रणाली अपनायी जाती है।

मशीन-गन की सबसे बड़ी समस्या इसके जल्दी गरम हो जाने की थी, क्योंकि इसमें गोलियां एक के बाद लगातार तेजी से छूटती थीं। अतः पहले इसे ठंडा रखने के लिए जल-शीतित जैकेट की व्यवस्था काम में लायी जाती थी परंतु इससे बड़ी असुविधा होती थी।

हिरम मैक्सिम अपनी मशीनगन का परीक्षण करते हुए

बाद में इन्हें ठडा रखने के लिए हवा की व्यवस्था की गयी।

मूल रूप से मशीन गन राइफल की तरह का ही अस्त्र है। इसमें प्रति मिनट 500 से 600 तक गोलिया छोडी जा सकती हैं। इसकी मार 2500 मीटर तक होती है। इसमें एक विशेष व्यवस्था होती है जिसमें इसकी रफ्तार घटायी बढ़ायी जा सकती है। मशीन गन में राइफल की ही 303 की गोलिया प्रयोग में लायी जा सकती हैं। इसकी एक पट्टी (Belt) में 3501 गोलिया की लडी होती है। मशीन-गन कई प्रकार की होती हैं। यहा हम कुछ प्रकार की मशीन-गनों का विवरण दे रहे हैं —

लूइसगन यह हल्की मशीन-गन है। इसका वजन 27-28 पौंड होता है और एक सैनिक इसे आसानी से अपने पास रख सकता है। इसे लडाकू विमानों में भी आसानी से फिट किया जा सकता है। इसकी मगजीन में एक बार में 48 कारतूस भर जा सकते हैं। यह लगभग 440 मीटर तक सही निशाना लगा सकती है।

ब्रेनगन यह भी हल्के किस्म की मशीन-गन है। इसकी नाल का मुह राइफल की नाल के लगभग बराबर ही होता है। इसका वजन 20 पौंड के लगभग होता है। निचाई पर उडते हुए विमान को इसमें आसानी से निशाना बनाकर गिराया जा सकता है। इस मशीन-गन में प्रति मिनट 500 गोलिया छोडी जा सकती हैं परंतु लगातार गोलिया छोडने का इसमें प्रबंध नही होता। इसका निशाना लगभग 700 मीटर तक सही लग सकता है। इसके अदर भी 303 के कारतूसों का प्रयोग किया जाता है। इसकी नाल पर साइलेंसर की व्यवस्था होती है, जिससे इसकी आवाज और चमक ज्यादा नही होती।

टामीगन यह बहुत अच्छे किस्म की मशीन-गन है। इसे सैनिक कंधे पर रखकर बडी आसानी से चला सकता है। यह एक मिनट में 600 से 700 तक गोलिया छोडती है। इसका वजन 14-15 पौंड होता है। इससे 60-70 मीटर तक का सही निशाना लगाया जा सकता है। इसमें भी राइफल में प्रयुक्त होने वाला 303 का कारतूस इस्तेमाल किया जाता है।

मध्यम प्रकार की अच्छे किस्म की मशीन-गन से एक मिनट में 250 गोलिया छोडी जा सकती हैं। इस मशीन-गन से लगातार काफी समय तक गोलिया छोडी जा सकती हैं। इसका वजन करीब 30-40 पौंड तक होता है। इसमें एक ऐसी विशेष व्यवस्था होती है, जिससे एक गोली भी छोडी जा सकती है और लगातार कई गोलिया भी छोडी जा सकती हैं।

एक आधुनिक जर्मन मशीनगन जो गैस से संचालित होती है

टैंक का आविष्कार

टैक का आविष्कार 1882 के आसपास एक ब्रिटिश इजीनियर जॉन फेण्डर न किया था। इस टेंक मे पहियो के स्थान पर एक चक्रपट्टी लगी थी, जा कइ पहियो की मदद से जमीन पर घूमती थी आर टेंक आग वढता था। चक्रपट्टी धातु की पट्टियो को क्रम से चन की तरह जाडकर बनायी गयी थी। ससार का सबसे पहला सफल टैंक सन् 1900 म इग्लैंड की जॉन फाउलर एण्ड कम्पनी ने बनाया था। यह टेंक भाप से चलता था।

प्रथम विश्वयुद्ध म जब जर्मनी ओर ब्रिटेन की सनाओ ने मार्चाबदी कर ली तो ऐसी स्थिति आ गयी कि कोइ भी सेना आग नही बढ पा रही थी। जगह-जगह पर खाइया खुदी होन से घुडसवार सेना आर तोपखाने आग नही बढ सकते थे। शत्रु पर आगे बढकर आक्रमण करना आर घेरावदी करना असभव होता जा रहा था। इस कठिनाई स छुटकारा पाने क लिए टेंक जेस युद्ध-वाहन का आविष्कार हुआ। यह एक चलती-फिरती ऐसी विशाल मशीन हे, जा खदक-खाइयो, ऊचे-नीचे रास्ता का पार करती हुई दुश्मन के क्षेत्र म बखाफ घुमकर अपनी ऊपर लगी तोप म चारा ओर गोलियो की बाछार कर सकती ह।

सन् 1914 मे विश्व क कई दश जैस बल्जियम फ्रास ओर ब्रिटन टेंको के विकास म लग हुए थे। सन् 1915 मे फोस्टर कम्पनी ने लिटल विली' नामक छोटा-सा टेंक बनाया। 1916 मे इसका विकसित रूप बना जिसे 'बिग विली' का नाम दिया गया। सन् 1918 मे जब प्रथम विश्वयुद्ध समाप्त हुआ तब तक फ्रास लगभग 3870 आर ब्रिटेन 2636 टेंक बना चुके थे। इसके बाद टेंको म बहुत से सुधार हुए। दूसर महायुद्ध म ता टेंक निमाण में क्राति-सी आ गई । सन् 1939 आर 1944 क बीच जमनी, ब्रिटेन, अमेरिका, रूस ओर जापान ने लाखो की सख्या म टेंक बना लिए थे। द्वितीय महायुद्ध मे इनका खुलकर प्रयाग किया गया। पिछले 35 वर्षो म ता विज्ञान की प्रगति के साथ-साथ टेंक निर्माण मे भी आश्चर्यजनक प्रगति हुइ ह।

इसका नाम 'टेंक' क्या पडा? इसकी भी एक दिलचस्प घटना हे। शुरू-शुरू म टेंक का गुप्त रखा जाता था, ताकि दुश्मन को पता न चल सके ओर इसका इस्तेमाल अचानक ही युद्ध-क्षेत्र म हो। अत इसे एक विशाल बक्से म रखा जाता था और रेल पर चढा दिया जाता था। इसके खाल के ऊपर लिख दिया जाता था-'टेंक फॉर द जनी फ्रॉम द फक्टरी'। यहा टेंक का अथ पानी की टकी या होज मे था। इस प्रकार अनेक टेंक गुप्त रूप से युद्ध-क्षत्र म भेजे जात थे आर मबकी पेकिंग पर यही लिखा हाता था। इस लिखावट क आधार पर ही इस युद्ध- वाहन का नाम 'टेंक' पड गया। इस प्रारम्भिक टेंक का वजन 28 टन था ओर लम्बाई 8 मीटर क लगभग थी। जॉन फण्डर को टेंक बनान की प्ररणा एक केटर पिलर टेक्टर से मिली थी। आज के टेंको स यह प्रथम टेंक बिल्कुल भिन्न था।

टेंको को भार आर उपयोग की दृष्टि से तीन भागो मे बाटा जाता हे हल्के टेंक, मध्यम टेंक ओर भारी टेंक।

1916 म निर्मित बिग विली नामक टैंक

1917 म बना मीडियम A व्हिपेट टैंक

सुरंग (Mine) का आविष्कार

सम्पर्क सुरग का आतरिक भाग
1 विस्फोटक तत्र 2 3 सम्पर्क हार्न 4 बैटरी 5 विस्फोटक चार्ज
6 बम्पर 7 प्रस्फोटक (डिटोनेटर) 8 बल स्थानिक यन्त्र

सुरग (Mine) का आविष्कार 1919 से 1939 के मध्य हुआ। इसका आविष्कार भी गुप्त रूप से हुआ। कुछ लोगो का अनुमान है कि सुरगो का विकास विशेष तौर पर टैक-दस्तो की गतिविधि पर रोक लगाने के लिए हुआ। सुरगो का इस्तेमाल सबसे पहले अमेरिका, ब्रिटन और रूस मे आरम्भ हुआ। सामान्य रूप से सुरग मे 5-6 पौंड टी एन टी शक्ति की बारूद भरी होती थी। आरम्भ मे एक टैंक को नष्ट करने के लिए कई सुरगो का एक साथ इस्तेमाल किया जाता था।

अब सुरग थल पर ही नही, समुद्र मे भी जहाजो पनडुब्बियो आदि को नष्ट करने के लिए बिछायी जाती हैं।

सामान्य तौर पर सुरग का धात्विक अथवा अधात्विक खोल एक शक्तिशाली विस्फोटक पदार्थ से भरा होता है। इसका विस्फोटक पदार्थ जरा से धक्के के साथ ही धमाके के साथ फटकर तीव्र बल उत्पन्न करता है और बडे-बडे टैंको युद्धपोतो को पलक झपकते ही नष्ट कर देता है।

सुरग कई प्रकार की होती हैं। उनमे से कुछ प्रमुख निम्नाकित है –

स्थल सुरगे स्थल-युद्ध मे स्थल-सुरगो का इस्तेमाल एक महत्त्वपूर्ण अस्त्र के रूप मे किया जाता है। शत्रु सेना के सभावित मार्ग मे ये सुरगे जमीन मे कुछ गहराई पर बिछा दी जाती हैं। इन्हे बडी सावधानी और होशियारी से बिछाया जाता है। इन पर से जब सैनिक या मोटर-गाडी या कोई अन्य वाहन गुजरता है, तो उसके दबाव से ये धमाके के साथ फटकर उसे नष्ट कर देती हैं।

सामान्य तौर पर स्थल सुरगे दो प्रकार की होती है – 1 टैक-भेदी सुरगे, 2 मानवघाती सुरगे।

1 टैकभेदी सुरगे टैक भेदी सुरग मानवघाती सुरगो से अधिक शक्तिशाली होती है, क्योंकि इनसे टैक, टैक आदि भारी युद्ध-वाहनो को नष्ट किया जाता है।

द्वितीय विश्व-युद्ध के दौरान ब्रिटेन और अमेरिका मे एक बहुत हल्की टैंकभेदी सुरग सबसे पहले विकसित की गयी थी। यह चपटे क्वार्ट डिब्बे (चौथाई गलन मापन का पात्र) के आकार की थी। इसमे टैट्रिटॉल नामक विस्फोटक पदार्थ का मिश्रण भरा गया था। सैनिक इसे आसानी से अपनी जेब मे रख सकते थे। इसे जमीन मे छोटा-सा गड्ढा खोदकर अथवा घास-फूस से ढककर छिपा दिया जाता था। उसके बाद इसमे कुछ सुधार किया गया। इसमे एक अतिरिक्त सेकेण्डरी फ्यूज की व्यवस्था की गयी जिससे यह जरा से धक्के या वजन से भी विस्फोटित हो जाती थी। इसी कारण इसका नाम 'हस्टी माइन' यानी 'जल्दबाज सुरग' रखा गया।

2 मानवघाती सुरगे मानवघाती सुरगो मे एक पाउण्ड से अधिक विस्फोटक पदार्थ नही भरा जाता। ये सुरग मनुष्य के हाथ-पैर उडाने अथवा उन्हे जान से मारने के लिए काफी हैं।

मानवघाती सुरग भी दो प्रकार की होती है – 1 सीमित सुरग (बार्उडिग माइन), 2 स्थिर सुरग (स्टेबल माइन)।

सीमित सुरग विस्फोटित होने से पहले हवा में उछलती हैं, फिर धमाके के साथ फटती हैं जबकि स्थिर सुरग जमीन के अदर बिछाए गए स्थान पर ही फटती हैं। सीमित सुरग का विकास सन 1939 में जर्मनी में किया गया था। स्थिर सुरगो का सबसे पहले रूस में विकसित किया गया।

समुद्री सुरग समुद्री सुरगो का इस्तमाल अतजलीय आयुध की तरह किया जाता है। ये सुरग उन समुद्री मार्गो पर जल के अदर बिछा दी जाती हैं जहा से शत्रुओ के युद्ध-पोतो के आने की आशका होती है। समुद्री सुरग आमतौर से दो प्रकार की होती हैं-1 मुक्त सुरग और 2 नियंत्रित सुरग।

मुक्त सुरगो के दो प्रकार होते हैं। पहला सर सुरग और दूसरा तल पर बिछायी जाने वाली सुरग। ये सुरग समुद्र तल में बिछायी जाती हैं। जब कोई युद्ध-पोत इनके ऊपर से गुजरता है तो ये प्रभावित होकर फट पडती हैं। सर सुरग सम्पर्क या प्रभावी गण की होती हैं। युद्ध-पोत के सम्पर्क में आने या टकरा जाने पर ही फटती हैं जबकि प्रभावी सुरग युद्ध-पोतो से प्रभावित या आकर्षित होकर फटती है।

नियंत्रित सुरग जरूरत के मुताबिक उसके तटीय नियत्रण तथा प्रक्षेप-केन्द्रो से अतजलीय विद्युत तथा नियत्रण केबल प्रणाली द्वारा नियंत्रित होती है और उन्हे निदेश देकर विस्फोटित किया जाता है।

चुम्बकीय सुरगे चुम्बकीय (मैग्नेटिक) सुरगो का उपयोग लोहे के ढाचे वाले युद्ध-पोतो के लिए किया जाता है। चुम्बकीय सुरगो का विस्फोटित होना युद्ध-पोतो के चुम्बकीय क्षेत्र (मैग्नेटिक फील्ड) पर निर्भर करता है। इन सुरगो से युद्ध-पोत की रक्षा करने के लिए उसके चुम्बकीय क्षेत्र को कम कर दिया जाता है। चुम्बकीय सुरग चुम्बकीय शक्ति से खिचकर युद्ध-पोत से टकराती है जिसके फलस्वरूप उनका विस्फोट हो जाता है।

ध्वानिक सुरगे ध्वानिक सुरग माइक्रोफोन के सिद्धात पर कार्य करती हैं। ध्वानिक सुरग में लगे माइक्रोफोन युद्ध-पोतो के प्रोपेलरो और इजनो की ध्वनि का ग्रहण करते हैं और इसे एम्प्लीफाइ (वर्धित) कर सुरग को विस्फोटित करने में सहायता करते हैं। समुद्र में बिछी इस प्रकार की सुरगो पर आमतौर पर कीचड, कचरा और समुद्री घास-फूस आदि की परते चढ जाती हैं, जिस कारण इन्हे विस्फोटित होने के लिए उच्च आवृत्ति की आवश्यकता पडती है।

समुद्री सुरगो की सफाई के लिए लगरयुक्त दो नावो के मध्य कुछ अतर रखकर उन्हे आरेदार रस्सो से सम्बद्ध किया जाता है। सुरगो की मूरिंग लाइनो को जब इस रस्से की रगड से काटा जाता है तो ये अलग होकर समुद्र की सतह पर आ जाती है। तब इन्हे दूर से राइफल से निशाना बनाकर नष्ट कर दिया जाता है।

मिसाइल का आविष्कार

मिसाइल एक ऐसा प्रक्षेपास्त्र है जिसे बिना किसी चालक के धरती के नियंत्रण-कक्ष से मनचाहे स्थान पर हमला करने के लिए भेजा जा सकता है। पत्थरों के टुकड़ों को फेंककर मारना मिसाइलों का आदिरूप था। तीर भी एक प्रकार के मिसाइल ही थे। आज मानव ने अनेक प्रकार के मिसाइल बना लिए हैं जो धरती, समुद्र और आकाश सभी जगह प्रयोग हो सकते हैं।

मिसाइलों का आविष्कार द्वितीय विश्व-युद्ध के दौरान जर्मनी में हुआ। ब्रिटेन पर बम गिराने के लिए जिस वी-1 प्रक्षेपास्त्र को जर्मनी ने इस्तेमाल किया था, वह एक मिसाइल ही थी। इन मिसाइलों की गति लगभग 360 मील प्रति घंटे थी और ये 125 मील दूर तक मार कर सकती थीं।

दूसरे प्रकार की मिसाइल वी-2 का निर्माता जर्मनी का वानर फान ब्रान था। अतः विश्व की पहली मिसाइल वी-2 को ही माना गया। इसके बाद अमरीका के रॉबर्ट गॉडार्ड ने मिसाइल-निर्माण में आश्चर्यजनक उन्नति की।

इस समय अमरीका और रूस ने इतनी बड़ी और विश्वसनीय निर्देशित मिसाइलें तैयार कर ली हैं जो भारी से भारी हाइड्रोजन और एटम बम को ढोकर लक्ष्य तक कुछ ही पलों में पहुंचा सकती हैं।

मिसाइल दो प्रकार की होती हैं—1 निर्देशित और 2 अनिर्देशित।

1 निर्देशित मिसाइलें निर्देशित मिसाइलों के छोड़े जाने के बाद आकाश-मार्ग में कहीं भी उनकी दिशा में परिवर्तन लाया जा सकता है। नियंत्रण-कक्ष से उन्हें जैसा निर्देश मिलता है, वे उसी के अनुसार अपनी दिशा में परिवर्तन करते हुए अपने लक्ष्य का पीछा करती हैं। वर्तमान युद्ध-प्रणाली में अधिकतर निर्देशित मिसाइलों का ही प्रयोग होता है। इसका मुख्य कारण यही है कि इन्हें नियंत्रण में रखकर सही निशाने पर पहुंचने तक निर्देश दिया जा सकता है। अतः इनका वार अचूक होता है।

धरती पर स्थित लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए धरती से जो मिसाइल छोड़ी जाती हैं, उन्हें धरती से धरती (Ground to ground) मिसाइल कहा जाता है। धरती से आकाश में किसी लक्ष्य को निशाना बनाने के लिए जो मिसाइलें धरती से आकाश की ओर छोड़ी

एक मिसाइल निर्देशित स्थान की ओर जाती हुई

जाती ह, उन्हे धरती म वायु(Ground to air) मिसाइल कहा जाता ह। इसी प्रकार हवा से हवा मे मार करने वाली आर आकाश में धरती पर मार करन वाली मिसाइले भी होती हैं।

नियन्त्रित या निर्देशिन मिसाइल का नियन्त्रण रेडियो, राडार ओर इलेक्ट्रानिक कम्प्यूटरा द्वारा किया जाता ह। जब राडार की एक तरग लक्ष्य तक पहुच जाती ह तो वह कम्प्यूटर को उसकी ऊचाइ, लम्बाइ-चाडाई दिशा आर वेग आदि की सूचना दती ह। कम्प्यूटर कुछ क्षणा म पूरा हिसाब-किताब लगाकर मिसाइल को सेट करके दाग देता ह। मिसाइल की उडान क साथ एक दूसरी राडार-तरग उस पर नजर रखती ह। यह तरग कम्प्यूटर को मिसाइल की उडान आर दिशा के विषय मे सूचना दती रहती ह। कम्प्यूटर रेडिया तरगो द्वारा मिसाइल के मार्ग आर दिशा मे आवश्यकतानुसार परिवर्तन करता रहता है। ये रेडिया तरग मिसाइल के भीतर लगे मार्ग निश्चित करने वाले उपकरणा पर नियन्त्रण रखकर उसे लक्ष्य तक पहुचाती हैं।

2 अनिर्देशित मिसाइले ये मिसाइल अपन लक्ष्य पर सीधे छाड दी जाती ह। इनकी दिशा या माग नही बदला जा सकता। इनमे भी धरती से धरती, धरती से हवा, हवा से हवा आर हवा से धरती पर मार करने वाली मिसाइले होती है।

मिसाइला क कल-पुर्जो की काय-प्रणाली काफी जटिल हाती ह। कुछ देशा की विभिन्न प्रकार की मिसाइलो के विवरण निम्न प्रकार स हैं --

क्रूज मिसाइल यह एक अत्यत, आधुनिक अमरीकी मिसाइल हैं। इसका पूरा नाम 'ग्राउण्ड लाच्ड क्रूज मिसाइल' है। यह एक छोटे से सन-सानेट जट-इजन स शक्ति प्राप्त करती है। इसकी रेज 2400 किलोमीटर है ओर यह शत्रु क खोजी राडारो की नजरो मे बचने के लिए काफी नीची उडान भरती है।

ट्रायडेंट मिसाइल यह भी अमरीका की ह और इसकी रेज 7400 किलोमीटर ह। यह समुद्री जहाजो पर इस्तेमाल की जाती ह। अब ये पनडुब्बियो स भी चलायी जा सकेगी।

लाच यह अमरीका की धरती से धरती पर मार करने वाली मिसाइल ह। इसकी सबसे बडी विशेषता यह ह कि यह आकाश मे भी कहर ढा सकती ह आर पानी मे भी तर सकती ह। इस मिसाइल मे ध्वसक सिरा, निर्देशक उपकरण, ऊजा-टकी तथा एक इजन हाता ह।

ब्लड हाउड यह ब्रिटेन की विमान-भेदी मिसाइल हे। इसकी एक यूनिट मे चार निर्देशित मिसाइल, उनके प्रक्षेपक, लक्ष्य खोजने वाला राडार तथा कट्राल-कक्ष होता ह। राडार द्वारा लक्ष्य बताने पर यह मिसाइल ऊष्मा के सिद्धात पर उसका पीछा करती हे।

गेनफुल यह सोवियत सघ की आधुनिक मिसाइल ह। एक लाचर पर इस प्रकार की तीन मिसाइल रखी जा सकती हैं। इस मिसाइल म एक शक्तिशाली राकट-माटर लगी हाती ह। यह भी ऊष्मा क सिद्धात पर कार्य करती ह। यह धरती म हवा मे मार करने वाली मिसाइल हे।

एकरा यह फ्रास की टेंक-भेदी मिसाइल ह। यह निर्देशित आर अनिर्देशित दोनो प्रकार की होती हे। मिसाइल दागने के बाद इसका खोल अपने आप अलग हो जाता हे। यह मिसाइल ताप जसे उपकरण से छाडी जाती ह। इस किस्म की निर्देशित मिसाइल मे निर्देशन के लिए अवरक्त (इन्फ्रा रेड) किरणो का इस्तेमाल किया जाता हे।

कोबरा यह पश्चिम जमनी की टेंक-भेदी मिसाइल हे। इसको दागने के लिए किसी प्रक्षपक की आवश्यकता नही पडती। चलान वाला इसदा मव द नियन्त्रण बक्स और सम्पर्क तार से कर देता ह। नियन्त्रण बक्स का बटन दबाते ही मिसाइल लक्ष्य की ओर चल पडती है। इसम लगा नियन्त्रण उपकरण निर्देश पाकर लक्ष्य तक इसे पहुचाता ह। एक नियन्त्रण-बक्स क साथ दस मिसाइलो का जाडा जा सकता ह।

5

चिकित्सा

क्लोरोफार्म का आविष्कार

चिकित्सा विज्ञान मे क्लोरोफार्म का आविष्कार बडा ही महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। इसे आपरेशन के समय रोगी को बेहोश करने के लिए प्रयोग किया जाता है। बेहोशी की अवस्था मे आपरेशन से होने वाली पीडा से रोगी को छुटकारा मिल जाता है। इसके आविष्कारक जेम्स नेग सिम्पसन थे। उन्होने विद्यार्थी जीवन मे ही इस प्रकार की औषधि के निर्माण क विषय मे एक सकल्प ले लिया था। इस आविष्कार के पीछे उनके जीवन मे घटी एक दर्दनाक घटना का हाथ हे।

एडिनबरा के एक अस्पताल मे एक व्यक्ति की टाग मे विषैला घाव हो जाने से सारे शरीर मे विष फैल जाने का डर था। अत उसकी टाग काटना जरूरी हो गया। उसके हाथ-पेर रस्सी से बाध दिए गए। आगे क्या होना है, इसकी कल्पना मात्र से वहा के लोग सहमे हुए थे। कुछ ही देर मे सजन आए। कुछ अन्य डाक्टरो ओर नर्सो ने उस आदमी को कसकर पकड लिया। सर्जन ने तब आरी से उसकी टाग को काटना शुरू किया। भयकर पीडा से वह व्यक्ति बुरी तरह छटपटा रहा था। उसकी ददनाक चीख से सबके दिल दहल रहे थे। काफी देर तक चीखने-चिल्लाने के बाद जब वेदना सह पाना *कठिन हो गया तो वह व्यक्ति मूर्च्छित हो गया।*

डाक्टरी पढ़ने वाले इस विद्यार्थी ने टाग काटने के इस बीभत्स दृश्य को देखा और उसकी दिल दहलाने वाली भयकर चीखे सुनी तो वह अपने को सभाल न सका और बेहोश होकर गिर पडा। होश मे आने पर कई दिन तक उसकी आखो के सामने यह भयकर दृश्य घूमता रहा। उसने विचार किया कि क्या कोइ ऐसी दवाइ नही बनायी जा सकती, जो ऐसे रोगियो को बहोश कर दे, ताकि उन्हे पीडा का अनुभव न हो। बस, उसने सकल्प कर लिया कि वह इस प्रकार की ओपधि बनाने की कोशिश करेगा।

डाक्टर बनने के बाद उसने अपना निजी चिकित्सालय खोला ओर चेतनाहीन करने वाली ओपधि के शोध कार्य मे लग गया। दिन-रात उसने एक कर दिया। आए दिन अस्पतालो मे इस तरह के दर्दनाक दृश्य देखते-देखते वह तग आ चुका था। वह जल्दी से जल्दी रोगियो को आपरेशन से हाने वाली भयकर पीडा से छुटकारा दिला देना चाहता था। इतना ही नही आपरेशन के दौरान सर्जनो को इतनी मानसिक परेशानी होती थी कि वे ठीक तरह से आपरेशन भी न कर पाते थे।

एक दिन शाम को जब डॉ सिम्पसन अपने शोध कार्य मे लगे हुए थे, तो उनके द्वारा तेयार किए गए एक मिश्रण को उनके एक सहयोगी ने सूघ लिया। सूघने के कुछ ही क्षणो मे वह बहोश होकर गिर पडा। जब सिम्पसन ने यह दश्य देखा तो वे तुरत उसके पास आए और उन्होने भी वह *ओपधि सूघी। वे भी इससे मूर्च्छित* हो गए। कुछ देर बाद जब उनकी पत्नी प्रयोगशाला मे आयी तो यह दृश्य देखकर घबरा गयी। उन्होने दौडकर डॉ सिम्पसन को उठाया। सिम्पसन थोडी देर मे होश मे आ गए और सज्ञाहीन औपधि को पा खुशी मे 'मिल गया- मिल गया' कहकर चिल्लाने लगे। 4 नवम्बर 1847 को उन्होने क्लोरोफार्म नामक इस बेहोश करने वाली औपधि का आविष्कार कर अपना सकल्प पूरा किया। उसके बाद इस औपधि पर बहुत से प्रयोग और परीक्षण किए गए, ताकि यह मनुष्य के लिए हानिकारक न हो। क्लोरोफार्म के बाद बेहोश करनेवाली ओपधियो के क्षेत्र मे अनेक प्रयोग किए गए। इन प्रयोगो के फलस्वरूप आज इससे भी उत्तम प्रकार की औपधिया खोज ली गइ है। वास्तव मे अब क्लोरोफार्म को बेहोश करने के लिए प्रयोग नही किया जाता, बल्कि दूसरी औपधियो को ही काम मे लाया जाता है।

स्टेथस्कोप का आविष्कार

स्टथस्काप एक एसा डाक्टरी यन्त्र ह जिस हृदय आर फफडे सवधी रागा का पता लगान क लिए काम म लाया जाता ह। इस यन्त्र का आविष्कार सन 1816 म फ्रास क रेन थियाफिल हैसिन्थे लैनिक नामक डाक्टर न किया था। यह लकडी से बनाया गया था तथा इसका बलन जेसा आकार था। बलन म एक आर पार छद था। इसका एक सिरा रागी की छाती पर तथा दूसरा डॉक्टर कान पर लगात थ। दिल की धडकन म पदा हुई ध्वनि तरग छद स हाती हुइ काना तक पहचती थी जिसस राग का पता लगा लिया जाता था।

डॉ लनिक न अनक रागा क रागिया पर इसक परीक्षण किए। भिन्न-भिन्न रागा क रागिया क हृदय की धडकना की अनियमितता क आधार पर उन्हान रागा का पहचानन क अनक परीक्षण किए और उनका वर्गीकरण किया। इन परीक्षणा स प्राप्त परिणामा क सम्बध म उन्हान 1819 म एक पुस्तक भी लिखी।

पहला सफल बाइनॉरल यानी दाना काना म लगान वाला स्टथस्काप सन 1885 म डा कमन न विकसित किया। इसका प्रयाग बहुत ही सुविधाजनक था।

आधुनिक स्टथस्काप म छाती तथा पीठ पर लगान क लिए एक धातु का घटीनमा उपकरण हाता है। इसक अदर एक डायफ्राम लगा हाता ह जा धडकन की आवाज क साथ उसी आवृति म कम्पन करता ह। इस उपकरण स एक रबर की नली जुडी हाती ह। इस नली का दूसरा सिरा धातु की एक अन्य नली स जुडा हाता ह जो दूसर सिर पर दा भागो म बट जाती ह। इन दाना भागा पर धातु की दा नलिया लगा दी जाती हैं, जिनक दाना दूसर सिर काना म लगाए जात हैं।

डॉक्टर इस यन्त्र स हृदय की धडकना क अतिरिक्त श्वास नलिका म वायु क आन-जान म उत्पन्न हान वाली ध्वनि का भी सुनकर राग तथा राग की दशा का अनुमान लगात हैं।

कुछ आरंभिक स्टेथस्कोप

आधुनिक स्टेथस्कोप

पेनिसिलिन का आविष्कार

अलेक्जण्डर फ्लेमिंग परीक्षण प्लेट का अध्ययन करते हुए

पेनिसिलिन औषधि की खोज ब्रिटेन के सर एलेक्जण्डर फ्लेमिंग ने सन् 1928 में की थी, लेकिन इसका आम उपयोग इसकी खोज के लगभग दस वर्ष बाद ही हो पाया। इसकी खोज से निमोनिया, खांसी गले की सूजन और घावों जैसे गंभीर रोगों पर विजय पाने का मार्ग खुल गया। इस औषधि में रोगों के कीटाणुओं को मारने का विलक्षण गुण है।

पेनिसिलिन एक प्रकार की फफूंद से बनती है। जिसे पेनसीलियम कहते हैं। यह फफूंद ठीक उसी तरह की होती है जो आमतौर पर कई दिनों तक खुले में रखने पर डबल रोटी, मटर, नींबू आदि पर लग जाती है। दूसरी प्रकार की फफूंदों से अनेक प्रकार की औषधियां बनायी जाती हैं जिन्हें 'एंटीबॉयटिक्स' औषधियां कहा जाता है।

एक दिन प्रोफेसर फ्लेमिंग भिन्न-भिन्न वस्तुओं पर उग आयी फफूंद की प्यालियों पर कुछ परीक्षण कर रहे थे। उन्होंने फोड़े से प्राप्त पस में विद्यमान जीवाणुओं पर परीक्षण करते हुए एक बड़ी ही विचित्र चीज देखी। उन्होंने देखा कि पस की जेली पर एक फफूंद उग आयी थी, लेकिन आश्चर्य था कि फफूंद के चारों ओर खाली जगह बची हुई थी, जबकि फफूंद की प्लेट अच्छी तरह ढकी हुई थी। फ्लेमिंग ने देखा कि फफूंद ने अपने चारों ओर एक विशेष प्रकार का पदार्थ उत्पन्न किया है जिसने जीवाणुओं की वृद्धि में रुकावट डाली है। अन्य प्रयोगों से उन्हें ज्ञात हुआ कि यह विशेष फफूंद 'पेनिसिलियम' फफूंदों के एक बहुत बड़े परिवार की एक सदस्या है।

फ्लेमिंग ने कई पदार्थों की फफूंद उगायी और विभिन्न प्रकार के जीवाणुओं पर फफूंद के प्रभाव के परीक्षण किए। सबसे पहले फ्लेमिंग ने एक विशेष रोग के रोगाणुओं को मांस के शोरबे की जेली में डाला और उसमें फफूंद के बीजाणु मिलाए। फफूंद के आस-पास की जगह खाली रही। इसका अर्थ यह था कि यह फफूंद रोग के रोगाणुओं को रोकने में सफल रही। इसी प्रकार उन्होंने कई रोगों के रोगाणुओं पर फफूंद का प्रभाव ज्ञात किया। उन्होंने पाया कि कुछ रोगाणुओं पर इसका प्रभाव पड़ता है और कुछ पर नहीं।

इसके बाद उन्होंने यह पता करने के लिए परीक्षण करने शुरू किए कि प्रभाव डालने वाला पदार्थ फफूंद में मौजूद है अथवा फफूंद से उत्पन्न होता है और किस प्रकार अलग किया जा सकता है ताकि जीवों के शरीर में प्रवेश कराकर उसका प्रभाव देखा जा सके।

फ्लेमिंग ने मांस के शोरबे में फफूंद उगाकर शोरबे को छानकर अलग कर दिया। छाने गए द्रव में उन्होंने रोगाणुओं की कल्चर मिलाकर देखा। यह द्रव रोगाणुओं के विरुद्ध उतनी ही तेजी से कार्य कर रहा था जितनी फफूंद के परीक्षण के समय। इस प्रयोग में

फ्लमिग को ज्ञात हो गया कि फफूद द्वारा उत्पन्न वह सक्रिय पदार्थ जो रोगाणुओ के विरुद्ध कार्य करता है द्रव मे घुलकर आ जाता है। इस तरह उन्होने पेनिसिलिन का आविष्कार किया। रोगाणुओ को उत्पन्न होने से रोकने के लिए उन्होने यह द्रव तैयार कर लिया था। इस द्रव को एंटीबायोटिक अथवा प्रतिजीवी कहते हैं। इस द्रव का नाम फ्लमिंग ने पेनिसिलिन रखा।

उसके बाद फ्लमिंग ने पेनिसिलिन-द्रव से अनेक परीक्षण किए और अत मे इस निष्कर्ष पर पहुचे कि इस द्रव को औषधि के रूप मे मनुष्य के शरीर मे इजेक्शन द्वारा पहुचाया जा सकता है। फ्लमिंग ने इसका प्रयोग अनेक चर्म-रोगो के इलाज मे भी किया जिसके परिणाम बहुत ही उत्साहजनक निकले।

सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य पेनिसिलिन पदार्थ को इस द्रव से अलग करना था जिसमे फ्लमिंग को सफलता नहीं मिली। इसका सबसे बडा कारण इस पदार्थ की विलक्षणता थी। यह पदार्थ परीक्षण करते वक्त तुरत ही दूसरे पदार्थ मे बदल जाता था।

सर हॉवर्ड फ्लोर

पेनिसिलिन का बैक्टीरिया पर प्रभाव

पेनिसिलिन को द्रव से अलग करने मे आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर फ्लोर ने किसी हद तक सफलता पायी। सन् 1938-39 मे उन्होने थोडी-सी पेनिसिलिन अलग की और उसे इजेक्शन के रूप मे रोगी के शरीर मे पहुचाने के लिए तैयार किया। 1941 मे उन्होने इसका परीक्षण कुछ रोगियो पर किया जिसके बहुत ही अच्छे परिणाम निकले।

उसके बाद अनेक वैज्ञानिको ने बडी मात्रा मे पेनिसिलिन उत्पादन करने के लिए मिलकर प्रयत्न किए। अमरिका की अनेक प्रयोगशालाए इस कार्य मे महीनो तक लगी रही तब कही जाकर बडी मात्रा मे पेनिसिलिन प्राप्त करने का तरीका मालूम किया जा सका।

पेनिसिलिन डिफ्थीरिया, निमोनिया रक्त-विषाक्तता (Blood Poisoning) फोडे, गले का दर्द, खासी, दमा आदि अनेक गम्भीर रोगो के इलाज के लिए इजेक्शन और गोलियो के रूप मे प्रयोग की जाती है। ऑपरेशन के वक्त भी पेनिसिलिन का इजेक्शन रोगी को दिया जाता है।

थर्मामीटर का आविष्कार

थर्मामीटर का आविष्कार इटली के प्रसिद्ध वैज्ञानिक गेलिलियो ने लगभग सन् 1593 में किया था। गेलिलियो ने सबसे पहले वायु का तापमान मापने वाले थर्मामीटर का आविष्कार किया था। उसके बाद मौसम और शरीर का तापमान मापने के लिए अनेक प्रकार के थर्मामीटरों का विकास हुआ। सन् 1714 में गेलिलियो के थर्मामीटर से प्रभावित होकर जर्मनी के एक भौतिकशास्त्री गेब्रिल फारेनहाइट ने शरीर का तापमान लेने वाला थर्मामीटर बनाया जो फारेनहाइट थर्मामीटर कहलाता है।

गेलिलियो (1564 1642)

आज कई प्रकार के थर्मामीटर प्रचलित हैं, जो भिन्न-भिन्न कार्यों में प्रयोग होते हैं।

एल्कोहल थर्मामीटर निम्न तापमान मापने के काम में इस्तेमाल किए जाते हैं। इस थर्मामीटर में काच की पतली सूराख वाली नली में एल्कोहल भरा होता है, जिसमें थोडा-सा लाल रंग मिला दिया जाता है, ताकि स्केल पर तापमान ठीक से पढ़ा जा सके। गर्मी के कारण एल्कोहल का प्रसार होता है और सर्दी पहुचने पर इसका आयतन घट जाता है। इसका उपयोग मौसम का तापमान ज्ञात करने के लिए किया जाता है।

अन्य कई प्रकार के थर्मामीटरों में पारे का इस्तेमाल किया जाता है। पारा भी गर्मी-सर्दी पाकर शीघ्र ही फैलता है और सिकुडता है। पारे वाले थर्मामीटरों का उपयोग 300 डिग्री सेल्सियस तक तापमान ज्ञात करने के लिए प्रयोग किया जाता है।

शरीर का तापमान ज्ञात करने के लिए एक विशेष प्रकार के पारद थर्मामीटर का उपयोग किया जाता है। इस थर्मामीटर को जब जीभ के नीचे या बगल में लगाकर शरीर का तापमान लिया जाता है, तो पारा सकरी नली में ऊपर चढ़कर शरीर के तापमान के अनुसार एक निश्चित स्थान तक पहुचकर ठहर जाता है। इस प्रकार इसे शरीर से हटाकर आसानी से पढ़ा जा सकता है। नीचे उतारने के लिए इसे पाच-छह झटके

दिए जाते हैं जिससे पारा फिर अपनी घुडी वाली जगह म आता है।

कुछ अन्य प्रकार के थर्मामीटर विशेष धातुओ के तारो से बनाए जाते है। ये थर्मामीटर तारो की कुडली के कसन और ढीले पडने से तापमान मापते हैं। जब तापमान बढ़ता है, तो तार की कुडली क्स जाती है ओर तापमान के घटने पर ढीली पड जाती है। तार की कुडली के एक छोर पर निर्देशक लगा होता है। यह निर्देशक एक चिन्हित डायल पर घूमकर तापमान वताता है। कुछ थर्मामीटरा म निर्देशक के छार पर पेंसिल लगी होती है, जिसकी मदद स य कागज के ग्राफ पर तापमान के घटन-वढने को अंकित भी करते रहत हैं।

तापमान डिग्री मे मापा जाता है, परतु सभी थर्मामीटरा की डिग्रिया का पेमाना एक-सा नही होता हे। उदाहरणार्थ-मनुष्य क शरीर का तापमान सटीग्रड थर्मामीटर मे 37° डिग्री होता है जवकि फारेनहाइट थर्मामीटर मे 98 4 डिग्री।

फरेनहाइट थर्मामीटर म हिमाक (Freezing Point of Water) 32 डिग्री आर क्वथनाक (Boiling Point of Water) 212 डिग्री होता है जबकि सटीग्रेड थर्मामीटर म हिमाक शून्य हाता है ओर क्वथनाक 100 डिग्री।

औद्योगिक क्षेत्र क हर उत्पादन और नियत्रण कार्य म विभिन्न प्रकार के धर्मामीटरा की जरूरत पडती है।

कैट-स्कैनर का आविष्कार

कैट-स्कैनर का आविष्कार ब्रिटिश भौतिकशास्त्री डॉ गाडर हाउर्मफिल्ड और अमरीकी भौतिकविज्ञानी डॉ कोरमक ने सन 1972 में किया। इस अदभुत आविष्कार के लिए दोनो ही वैज्ञानिको को 1979 में आयुर्विज्ञान का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया।

कैट-स्कैनर के विकास से पहले रोग का पता लगाने के लिए कई प्रकार से शरीर के एक्स-रे कराने पडते थे। उदाहरण के लिए सिर के रोग में सिर का एक्स-रे करवाना पडता था। उसमे लम्बा पंक्चर कराना पडता था। मस्तिष्क की रक्त धमनियो में विशेष कंट्रास्ट डाइ इंजेक्ट करके फिर एक्सरे करवाना पडता था। इसके अलावा और न जाने किस-किस तरह की जाच करवानी पडती थी। ऐसे परीक्षणो मे शारीरिक कष्ट के साथ-साथ खतरा भी होता था परंतु कैट-स्कैनर के आविष्कार से अब केवल एक परीक्षण से ही रोग का पता लग जाता है और सफल इलाज किया जा सकता है। इसमे न शारीरिक कष्ट होता है न खतरा।

कैट स्कैनर मे सिर का परीक्षण किया जा रहा है।

कैट-स्कैनर वास्तव मे एक्सरे उपकरण का ही एक विकसित रूप है। सामान्य तौर पर एक्सरे चित्र से कठोर ऊतक (Tissue) जैसे हड्डिया और कोमल ऊतक जैसे मस्तिष्क आदि तो पहचान मे आ जाते हैं पर विभिन्न कोमल ऊतको को अलग-अलग पहचानना बहुत मुश्किल होता है। इसका कारण यह है कि कोमल ऊतक एक्स किरणो को बहुत कम मात्रा मे अवशोषित

कैट स्कैनर जो सिर की जाच के लिए प्रयुक्त किया जाता है उसका एक ब्लाक चित्र

कर पात हैं। दूसरे, एक्स किरणा से प्राप्त चित्र केवल दो आयामी ही बनते हैं, जिसस मोटाई या गहराइ का आभास नही हो पाता। ऑपरशन क लिए एक्सरे स पूरी जानकारी प्राप्त नही हा पाती और डाक्टरा को बहुत-सी वाता क लिए अटकला पर निर्भर रहना पडता है।

केट-स्कैनर पद्धति म तीन विमाओ वाला चित्र प्राप्त होता ह अर्थात चित्र गहराई और ऊचाई-निचाई को भी दशात हैं। इस उपरकण म एक ओर एक्सरे स्रोत होता है। वीच म रोगी के लिए मोटरचालित स्ट्रेचर हाता ह और उसक दूसरी ओर एक डिटेक्टर नामक उपकरण। डिटेक्टर एक कम्प्यूटर से सबद्ध होता ह। कम्प्यूटर एक टी वी स्क्रीन स जुडा होता है। कम्प्यूटर के गणित-सूत्र आर चित्र टी वी स्क्रीन पर चित्रित होते रहते हैं। स्केन हो रह क्षेत्र से गुजर कर एक्स किरण डिटेक्टर तक पहुचती है। डिटेक्टर इन्हे इलेक्ट्रिक सिग्नल्स क रूप म कम्प्यूटर तक पहुचाता है। कम्प्यूटर प्राप्त सिग्नलो को गणित-सूत्र का प्रयोग करत हुए चित्र का रूप देकर टी वी स्क्रीन पर उभारता है। भिन्न-भिन्न ऊतक अपन घनत्व (लम्बाई, चोडाई, मोटाई) के अनुसार स्पष्ट रूप से स्क्रीन पर दिखायी पडत हैं।

कैट' शब्द कम्प्यूटराइज्ड एक्सियल टामोग्राफी का संक्षिप्त रूप है।

केट-स्केनर दो प्रकार क हात हैं–पहला हेड-स्केनर, जो मस्तिष्क म ट्यूमर, सिर की चोट की वजह स रक्तस्राव या ब्रेन हेमरेज आदि म इस्तेमाल हाता ह। दूसरा वॉडी-स्कैनर हाता है, जो अपेक्षाकृत कुछ वडा होता है और शरीर के अन्य भागो का परीक्षण करने के लिए प्रयुक्त किया जाता ह। केट-स्कनर की कीमत लगभग एक करोड रुपये होती है।

हमारे देश मे दिल्ली, वम्बइ और मद्रास म हैड-स्कैनर और मद्रास म वॉडी-स्कैनर की सुविधाए उपलब्ध हैं।

आधुनिक केट-स्कैनर स्केनिंग करते वक्त मात्र 4-5 सकण्ड के समय मे लगभग 1 84320 रीडिंग लकर कम्प्यूटर तक पहुचा दता है। रीडिंग क आधार पर कम्प्यूटर 1 88 करोड गुणा और 94 लाख जोड करक निश्चित क्षत्र के चित्र को स्क्रीन पर प्रेषित कर गहराई से जानकारी देता है। चिकित्सक को तुरत ज्ञान हो जाता है कि सिर या शरीर के किस हिस्से से रक्तस्राव हो रहा है और ऑपरशन के लिए निश्चित जगह और गहराई तक का ठीक-ठीक पता चल जाता है। इससे रोगी का तुरत ऑपरेशन किया जा सकता है। मस्तिष्क के ट्यूमर की भी प्राथमिक अवस्था म ही जानकारी प्राप्त कर इसका उपचार सरलता से किया जा सकता है।

केट-स्कैनर से यह भी पता किया जा सकता है कि ट्यूमर के लिए प्रयुक्त की जा रही औषधि उस पर असर कर रही है या नही। केट-स्कैनर का उपयोग केवल रोग के निदान क लिए ही नही, वल्कि उसक सही इलाज का पता लगाने के लिए भी किया जाता है।

वॉडी-स्कैनर शरीर के किसी भी हिस्से या पूरे शरीर का स्कैनिंग कर सकता है। शरीर के किसी भी स्थान पर छोटे स छोटे कैंसर का इसस पता लगाया जा सकता है।

विविध

कैलेण्डर का आविष्कार

कलेण्डर का आविष्कार मवम पहले प्राचीन बेवीलान के निवामिया न किया था। यह चद्र कैलेण्डर कहलाता था। कैलेण्डर का विकास समय नापने की दिशा मे एक वहुत ही महत्त्वपूण कदम था। दजला-घाटी के खगाल-विज्ञानी वहुत वद्धिमान थे। उन्हाने आकाश की वृत्ताकार विशाल पट्टिका को वारह ममान भागा म विभाजित किया जिस आज राशिचक्र कहा जाता ह। राशिचक्र के बारह भागो म मे गजरकर अपना एक चक्कर पूरा करने म सूय को एक वय लगता था। अत सौर वय को भी वारह भागो म वाटा गया और प्रत्येक भाग को एक महीना माना गया।

राशिचक्र के दो तारामडलो के मध्य की दूरी पार करने मे सूय को जितना समय लगता था, उतने समय मे चद्रमा अपनी लगभग सभी कलाए पूरी कर लेता था। समय की इन्ही दोना अवधियो को माम या महीने का नाम दिया गया। सूय और चद्र के समय को 12 समान भागा म बाटकर 12 महीना के 360 दिन निर्धारित हो गए। इस तरह का महीना 30 दिन का बना।

लेकिन कुछ समय बाद ही खगोलशास्त्रिया का यह मालूम हो गया कि 360 दिनो का वर्ष कुछ छोटा रह गया ह, क्योकि मूय का चक्कर 360 दिना मे पूरा नही हो पाता था। प्रति वर्ष 5 दिनो का अतर रह जाता था। यह अतर छह वर्षो म पूरे एक महीने के बराबर हो जाता था। इस अतर को पूरा करने के लिए हर छठे वर्ष एक महीना साल मे अतिरिक्त जोड दिया जाता था। इस तरह पाच वर्ष के बाद हर छठा वर्ष तेरह महीने का होता था।

उसके बाद कुछ महीने 31 दिन के ओर कुछ तीम दिन के रखकर 5 दिनो को महीनो म जोडकर खपाया गया। इस प्रकार वर्ष 365 दिन का हो गया, परतु फिर भी कुछ अशुद्धि रह ही गयी। बाद के परीक्षणो से पता चला कि पृथ्वी को सूर्य की पूरी परिक्रमा करने मे 365¼ दिन लगते हैं। इस तरह 4 वर्ष मे एक दिन का अतर आ जाता है। इस अतर को मिटाने के लिए चौथे वर्ष मे एक दिन को कम दिना वाले महीने फरवरी मे जोडकर इस कमी को भी दूर कर लिया गया। इस तरह चौथे वर्ष का फरवरी माह 28 दिन के बजाए 29 दिन का होने लगा। इसे 'लीप वर्ष' कहा गया।

बेबीलोन के खण्डहरों मे प्राप्त एक प्राचीन कैलेण्डर

जूलियन कैलेण्डर

इस कैलेण्डर का विकास रोम के जूलियस सीजर के नाम पर ईसा से 46 वर्ष पूर्व आरम्भ हुआ। उन्होने इस कार्य के लिए यूनान के सोसीजन खगोलशास्त्री की मदद ली। इस कैलेण्डर मे सात महीने 31 और चार महीने 30 दिन के रखे गए। 31 दिन के महीनो मे जनवरी, मार्च, मई, जुलाई, अगस्त, अक्तूबर तथा दिसम्बर थ और 30 दिन के महीनो मे अप्रैल, जून, सितम्बर और नवम्बर थे। फरवरी 28 दिन का रखा गया। जिसमे लीप वर्ष मे एक दिन जोडने की व्यवस्था

रखी गयी। सीजर ने अपने कैलेण्डर को काफी सुधरा हुआ रूप दिया परंतु फिर भी इसमें समय की कुछ त्रुटि थी क्योंकि सौर वर्ष का जब ठीक ठीक नापा गया तो वह 365 दिन 5 घंटे 48 मिनट 46 सेकण्ड का निकला। जूलियन कैलेण्डर वास्तविक सौर वर्ष से 11 मिनट 14 सेकण्ड लम्बा था इससे 128 वर्ष में एक दिन बढ़ जाता था।

क्रिश्चियन कैलेण्डर

क्रिश्चियन कैलेण्डर का बुनियादी आधार रोमन कैलेण्डर है। इसका प्रादुर्भाव लगभग 800 वर्ष ईसवी पूर्व का माना जाता है। इसकी नींव रोमुलस ने डाली थी। आरम्भ में रोमन कैलेण्डर में 304 दिन तथा दस महीने हुआ करते थे। इन महीनों के नाम थे-मार्टियस एप्रिलिस, माइअस, यूनिअस, क्विण्टलिस, सेक्स-टिलिस, सेप्टेम्बर, आक्टोबर, नवम्बर तथा डिसम्बर। मार्टियस यानी मार्च से इसकी शुरुआत होती थी। इन महीनों में 5 मास 31 दिनों के चार मास 30 दिन के तथा एक मास 29 दिन का होता था।

लगभग 700 ईस्वी पूर्व कैलेण्डर में न्यूमा पाम्पिलिअस ने जैनारियस और फेब्रुअरियस नाम के दो महीने और जोड़ दिए। इस प्रकार पूरा वर्ष 12 महीने का हो गया और इसमें 355 दिन हो गए। 44 ईस्वी पूर्व जूलियस सीजर के नाम पर सातवें माह का नाम जूलियस रख दिया गया जो बाद में जुलाई कहलाया। इसी प्रकार सम्राट आगस्टस ने आठवें मास को 31 दिन का बनाकर अपना नाम दे दिया जो अगस्त कहलाया।

ईस्वी सन की गणना ईसा के जन्म से तीन वर्ष बाद से की जाती है। छठी शताब्दी में डायानीसियस ने इसमें कुछ सुधार किए लेकिन फिर भी प्रति वर्ष समय में काफी फर्क आता रहा।

सन 1580 तक जूलियन कैलेण्डर वर्ष में 10 दिन आगे था। पोप ग्रेगरी ने अक्टूबर सन 1582 में इस कैलेण्डर में 10 दिन कम कर दिए। उन्होंने लीप वर्ष में फरवरी को 29 दिन का माना। इस प्रकार ग्रेगरी ने बहुत वर्षों में पड़ने वाले बहुत बड़े अंतर को काफी कम कर दिया। इसमें अब एक वर्ष में केवल 26.3 सेकण्ड की त्रुटि होती है। आजकल इसे लोग ग्रेगरी कैलेण्डर के नाम से जानते हैं और संसार के लगभग सभी देश इस कैलेण्डर का उपयोग करते हैं।

प्राचीन रोमन कैलेण्डर

मुस्लिम कैलेण्डर

मुस्लिम कैलेण्डर का जन्म कुरान की आयत से हुआ। इसका आधार चद्र की गति था। इसमे सूर्य पर ध्यान नही दिया गया। इसी कारण इसके दिन आर ऋतुए सरकती रहती हैं। जो उत्सव त्योहार सर्दियो मे आते हैं, कुछ वर्षो बाद वे गर्मियो मे आ जाते हैं।

हिजरी सवत् 622 ईसवी से प्रचलित हुआ। जिस दिन हजरत मोहम्मद मक्का छोडकर मदीना के लिए रवाना हुए, उसी दिन स इसे आरम्भ माना गया। हिजरी का अर्थ एक देश छोडकर दूसरे देश जाना ह। खलीफा प्रथम उमर ने हिजरी सवत् का काफी प्रचार किया। कुरान से निश्चित कर मोहर्रम के पहले दिन यानी 16 जुलाई 622 ईसवी से इसका प्रारम्भ माना गया। इसमे 30 तथा 29 दिनो के बारह चद्र मास माने गए। जुल-हिज्जा को कभी-कभी 30 दिन का मान लिया जाता है। इस प्रकार वर्ष मे 355 दिन माने जात हैं। हिजरी कैलेण्डर मे मोहर्रम 30 दिन, सफर 29 दिन, रबी प्रथम 29 दिन, रबी द्वितीय 29 दिन, जमादी प्रथम 30 दिन, जमादी द्वितीय 29 दिन, रजब 30 दिन, शअबान 29 दिन, रमजान 30 दिन, शव्वाल 29 दिन, जुल-कअदा 30 दिन और जुल-हिज्जा 29 दिन। रमजान का नवा महीना उपवास का होता है। हिजरी सवत (मोहम्मदी सवत्) भारत, सऊदी अरब, जोडन, यमन, फारस, मोरक्को आदि देशो मे प्रचलित है।

हिब्रू कैलेण्डर

अमरीका मे भी एक धार्मिक कैलेण्डर प्रचलित हे। इसे हिब्रू (*Hebrew*) कैलेण्डर कहते हैं। यह ईसा पूर्व 3760 वष से तीन महीने पहले से आरम्भ होता है। अत-हिब्रू केलेण्डर का वर्ष प्रचलित वर्ष मे 3760 वर्ष जाडने से प्राप्त होता है।

भारतीय कैलेण्डर

भारत मे लगभग तीस प्रकार के कैलेण्डर समय-समय पर प्रचलित रहे हैं, जो चद्र-सूर्य और ताराओ तथा धामिक सिद्धातो पर आधारित रहे हैं।

भारत मे कई हिन्दू सवत् प्रचलित रहे हैं, जैसे सतयुग मे ब्रह्म सवत्, त्रेतायुग मे वामन सवत्, राम सवत् और परशुराम सवत्, द्वापर युग मे युधिष्ठिर सवत् और कलियुग मे विक्रम सवत्।

सवतो के प्रादुर्भाव का सबध विशेषत किसी महापुरुष की मत्यु अथवा किसी ऐतिहासिक घटना से जुडा रहा।

भारत मे आजकल तीन कैलेण्डर प्रचलित हैं-ग्रेगरी, शक सवत् ओर विक्रम सवत्।

'कालककार्यकाण्ठक' नामक जैन ग्रथ मे उल्लेख है कि जब विक्रम ने शका पर विजय प्राप्त की तो इस खुशी के मोके पर विक्रम सवत् (58 ई पू) प्ररम्भ किया गया। उत्तर भारत मे यह चैत्र मास की पूर्णिमा से आरम्भ होता है। दक्षिण भारत और गुजरात क्षेत्र मे यह कार्तिक से तथा कुछ क्षेत्रो मे आषाढ़ से आरम्भ होता है।

विक्रम सवत् मे 57 वर्ष घटाने पर ईसवी सवत् निकल आता है। इसी प्रकार ईसवी सन् मे से 78 वर्ष कम करने पर शक (शालिवाहन)सवत् निकल आता हे।

शक सवत् का उल्लेख भारतीय शिलालेखो ओर अभिलेखो मे मिलता है। इसके स्थापकों मे कनिष्क, शालिवाहन आदि के नाम लिए जाते हैं। इडोनेशिया और इडोचीन मे प्राप्त सस्कृत अभिलेखो मे भी शक सवत् का उल्लेख हे। इसका आरम्भ 78 ईसवी मे हुआ।

शक सवत् बसत ऋतु विषुव के अगले दिन से सामान्य वर्ष मे 22 मार्च से और लीप वर्ष मे 21 मार्च से आरम्भ होता है। इसके आश्विन, कार्तिक, अगहन, पोष माघ और फाल्गुन महीने 30 दिन के तथा बेशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भाद्र महीने 31 दिन के हात ह। पहला महीना चैत्र सामान्य वर्षो मे 30 दिन का आर लीप वर्ष मे 31 दिन का होता है।

चीनी कैलेण्डर

चीन मे भी दो प्रकार के केलेण्डर प्रयाग मे लाए जाते हैं, एक चीनी केलेण्डर जो इसा से 2397 वर्ष पूव आरम्भ हुआ था, उसे इस्तेमाल किया जाता है, और दूसरा ग्रगरी कैलेण्डर।

घडी का आविष्कार

जहा तक समय बताने वाले उपकरण का आविष्कार का प्रश्न है, उसका आविष्कार किसी वैज्ञानिक न नही किया। यूरोप की औद्योगिक क्रांति न घडी क रूप म, निर्माण मे परिवतन अवश्य किया था लकिन उसका आविष्कार बहुत पहल ही हो चुका था।

विश्व का सबस पहली घडी सभवत सेट आर्गास्टिन की पुस्तक घडी थी। आर्गस्टिन अपनी इस प्रार्थना पुस्तक के कुछ निश्चित पृष्ठ, निश्चित समय म पढ़ लेते थ और उसके बाद गिरजाघर का घटा बजा देते थे। इस प्रकार वे पुस्तक का उपयोग घडी के रूप मे करते थे। लेकिन एक दिन वे पढ़ते-पढ़ते थककर ऐसे सोये कि सुबह का घटा बजा न सक और सारा नगर सोता रहा।

